Ministry of Health
& Family Welfare
Government of India

nikshay E - News
E - News publication of Central TB Division

18th - 19th December 2018

NEWS HIGHLIGHTS

- ✓ Bihar working to eradicate kala-azar by 2020: Sushil Modi
- ✓ टीबी मरीजों की जानकारी नहीं देने वाले प्रैक्टिशनरों पर होगी कार्रवाई
- ✓ 2020 तक कालाजार व 2025 तक टीबी से मुक्त होगा बिहार : सुशील कुमार मोदी
- ✓ एक करोड से अधिक के बजट से सुधरेगी टीबी अस्पताल की दशा
- ✓ दो दिन में पांच नए टीबी रोगी चिह्नित

NEWS FROM INDIA

Bihar working to eradicate kala-azar by 2020: Sushil Modi [TIMES OF INDIA]

December 18th, 2018

Deputy chief minister Sushil Kumar Modi has said Bihar is working with a target of eradicating kala- azar by 2020 and tuberculosis (TB) by 2025.
Modi said the number of identified TB patients increased four-fold in Bihar after engagement of private sector doctors in the work of patient identification and their subsequent treatment. It was for the first time in India that Bihar decided to engage private sector doctors.

[Read more]

टीबी मरीजों की जानकारी नहीं देने वाले प्रैक्टिशनरों पर होगी कार्रवाई [JAGRAN]

December 18th, 2018

जिले में टीबी के मरीजों का इलाज करने वाले आइएमए के सभी निजी प्रैक्टिशनरों को प्रति माह संबंधित रोगी की पूर्ण सूचना निर्धारित प्रपत्र में जिला यक्ष्मा केंद्र को अनिवार्य

रूप से भेजी जाएगी। पलामू के उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने इस संबंध में मंगलवार को पत्र जारी किया है। बताया गया कि ऑनलाइन प्रविष्टि संबंधित पोर्टल सूचना नहीं देने वाले प्रैक्टिशनर के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

[Read more]

दो दिन में पांच नए टीबी रोगी चिह्नित [JAGRAN]

December 18th, 2018

टीबी के एक्टिव केस फाइं ¨ डग के लिए चल रहे अभियान के क्रम में दो दिनों के भ्रमण में सर्विस प्रोवाइडर कुल 14,840 लोगों के पास पहुंचे। इसमें से 13,745 लोगों के बलगम की स्क्री ¨ नग में पांच नए टीबी रोगी पाए गए। राष्ट्रीय क्षयरोग पुनरीक्षित अभियान के क्रम में सोमवार से प्रारंभ हुए एक्टिव टीबी रोगी फाइं ¨ डग के लिए गठित 20 टीमों ने दो दिनों तक हरिद्वार, लक्सर, खानपुर विकासखंडों में घर-घर जाकर भ्रमण किया। इस दौरान रोगियों की पहचान के लिए लोगों के बलगम की जांच को सैंपल एकत्र किए।

[Read more]

टीबी रोग मानसा [JAGRAN]

December 18th, 2018

टीबी रोग के खात्मे की तैयारी, मानसा जिले में सरकार ने खोले 8 माइक्रोस्कोपी सेंटर नानक ¨सह खुरमी,मानसा। राज्य में टीबी रोग के मरीजों की संख्या में वृद्धि होने पर राज्य सरकार ने इसके खात्मे के लिए कमर कस ली है। इसी के तहत जिले में मानसा के अलावा सात जगह,सरदूलगढ़, झुनीर, खियाला कला,भीखी, बरेटा,भीखी, बोहा और बुढलाडा में माइक्रोस्कोपी जांच केंद्र खोले गए हैं।

[Read more]

2020 तक कालाजार व 2025 तक टीबी से मुक्त होगा बिहार: सुशील कुमार मोदी [PRABHAT KHABAR]

December 19th, 2018

2020 तक कालाजार तथा 2025 तक टीबी को समूल समाप्त करने के लक्ष्य को लेकर बिहार काम कर रहा है. उक्त बातें उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहीं. उन्होंने अपनी अमेरिका यात्रा के सातवें दिन एटलांटा शहर में स्वयंसेवी संस्था केयर इंडिया तथा संक्रमण बीमारियों के अध्ययन के लिए विश्व की सबसे बड़ी संस्था सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय में अधिकारियों को संबोधित किया।

[Read more]

Related news:

बिहार को समय सीमा में कालाजार, टीबी से मुक्त कराएंगे : सुशील मोदी Quint Hindi| December 18th, 2018

2020 तक कालाजार तथा 2025 तक टीबी मुक्त होगा बिहार: सुशील मोदी Dainik Bhaskar| December 18th, 2018

एक करोड से अधिक के बजट से सुधरेगी टीबी अस्पताल की दशा [DAINIK BHASKAR] December 19th, 2018

मिनरल, माइनिंग और पत्थरों की घिसाई से जुडे श्रमिकों को अब अत्याधुनिक जांच और बेहतर उपचार के लिए अब अजमेर या जयपुर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ब्यावर के डिस्ट्रिक्ट ट्यूबर क्लोसिस सेंटर पर पूरा आधुनिक अस्पताल बनाने के बनेगाने । इसके लिए डिस्ट्रिक मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से डीटीसी को 1 करोड 85 लाख का बजट मिला है।

[Read more]

CENTRAL TB DIVISION
MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE
Government of India
Nirman Bhawan, New Delhi - 110 011, India
Website: - https://tbcindia.gov.in
Nikshay Sampark – 1800-11-6666 (Toll Free)